# <u>बैठक कार्यवृत्त</u>

**<u>दिनांक 11 मई, 2024 को अपराह्न 3 बजे से योगीराज बाबा गम्भीरनाथ अतिथि गृह के बैठक कक्ष में राष्टीय सेवा योजना के क्रिया–कलापों की समीक्षा हेतु सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवृत्त।</u>**

1. संकायाध्यक्ष (प्राचार्य/अधिष्ठाता) अपने स्तर से कार्यक्रम अधिकारी नामित करेंगे। यह तय हुआ कि 25 मई, 2024 तक समस्त विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता/प्रधानाचार्य अपने कालेज/सकाय के कार्यक्रम अधिकारी का नाम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को उपलब्ध करा दें। कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गयाः–

| | |
|---|---|
| 1. माननीय कुलपति जी | अध्यक्ष |
| 2. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना | सदस्य |
| 3. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 4. उप कुलसचिव (प्रशासन) | सदस्य–सचिव |

2. सत्र 2024–25 के लिए पाठ्यक्रमवार निम्नानुसार इकाईयों का आवंटन किया गयाः–

| | |
|---|---|
| 1. ए.एन.एम. | – 1 इकाई |
| 2. जी.एन.एम. | – 1 इकाई |
| 3. बी.एस.सी. नर्सिंग | – 1 इकाई |
| 4. पैरामेडिकल | – 1 इकाई |
| 5. सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय | – 1 इकाई |
| 6. कृषि संकाय | – 1 इकाई |
| 7. फार्मास्युटिकल साइंसेस संकाय | – 1 इकाई |
| 8. आयुर्वेद संकाय | – 1 इकाई |

3. समन्वयक, रा.से.यो. द्वारा तैयार की गई निम्नलिखित नियमावली को अनुमोदित किया गयाः–

1. यह योजना दो वर्षीय है। प्रारम्भिक सत्र में केवल स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के (जिनकी दो वर्ष को पढाई शेष बची हो ) छात्र/छात्राओं का ही पंजीकरण किया जाय। पंजीकरण शुल्क पूर्व की भाँति रू0 5.00 प्रति स्वयंसेवक निर्धारित है। जिसमे से रू0 3.00 प्रति स्वयसेवक शासन को एवं रू0 2.00 प्रति स्वयसेवक प्रशासनिक व्यय के लिए होता है |
2. इकाईवार पंजीकरण फार्म (संलग्न प्रारूप) के आधार पर पंजीकरण किया जाये जिसमे पजिकरण फॉर्म की दो कॉपी होगी एक कार्यक्रम अधिकारी या विभाग के पास एवं एक कॉपी समन्वयक कार्यालय में शुल्क के साथ जमा किया जाएगा | इस वर्ष समस्त स्वयंसेवको का पंजीकरण ऑन लाइन किया जाना भी अनिवार्य है।
3. छात्र / छात्रा के पंजीकरण के समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एन०सी०सी., रोवर्स रेंजर्स के छात्र/छात्राओं का पंजीकरण राष्ट्रीय सेवा योजना में नहीं किया जा सकता।

4. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकलापों को दो प्रमुख समूहों में बांटा गया है-

(क) **नियमित एनएसएस कार्यकलाप** : प्रत्येक इकाई द्वारा चार एक दिवसीय शिविर के साथ प्रत्येक इकाई नियमित कार्यकलाप आयोजित करती हैं इन सेवाओं की अवधि 120 घण्टे होती है। जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:

i. 20 घण्टे राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल अवधारणा एवं सिधान्तो से परिचित करने के लिए व्याख्यान,चर्चाओ,फिल्ड दौरे, दृश्य श्रव्य सामग्री आदि के लिए |

ii. 30 घण्टे परिसर परियोजनाओ के लिए जैसे – खेल मैदान का विकास,बगीचे बनाना, परिसर में वृक्षारोपण, नशीली दवाओं के सेवन जन शिक्षा एवं अन्य परियोजना |

iii. 70 घण्टे गोद लिए गांवों, कॉलेजों स्कूल परिसरों तथा शहरी मलिन बस्तियों में परियोजना पर समुदाय सेवा के लिए किया जायेगा |(अत्यधिक विवरण राष्ट्रीय सेवा योजना मेनुअल 2006 के भाग IIके 1.6(iii)में दिया गया है )

**(ख)) विशेष शिविर कार्यक्रम** : इसके तहत लम्बे अवकाश के समय के दौरान स्थानीय समुदाय की भागीदारी से गोद लिए गए गांवों या शहरी मलिन बस्तियों में कुछ विशिष्ट परियोजनाओं के साथ सात दिनों की अवधि के शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में 50 प्रतिशत एन.एस.एस स्वयंसेवकों के भाग लेने की आशा की जाती है। एनएसएस के तहत विशेष शिविर कार्यक्रम के बारे में मेनुअल 2006 के भाग- III में विस्तार से बताया गया है।

5. प्रत्येक इकाई द्वारा द्वारा आवंटित छात्र संख्या 100 स्वयसेवक से ही सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) में कुल 50 छात्र संख्या जीरो बेस आवंटन के आधार पर प्रथम वर्ष में एवं शेष बचे स्वयसेवक अगले वर्ष (जिन्होंने पूर्व वर्ष विशेष शिविर नहीं किया हो) में सम्मलित किये जायेंगे |

6. विशेष शिविर के आयोजन की सूचना शिविर प्रारम्भ होने की तिथि से 15 दिन पूर्व ईमेल आईडी/ पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से (i) माननीय कुलपति, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (ii) क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवां तल हाल नं०-1 सेक्टर-एच अलीगंज लखनऊ (iii) विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी उच्च शिक्षा (रा०से० यो० को०) विभाग बहुखण्डी भवन उ०प्र० शासन लखनऊ (iv) क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर । (v) कार्यक्रम समन्वयक (रा0से0यो०) महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (vi) संबंधित जिलाधिकारी (vii) संबंधित पुलिस अधीक्षक (ix) संबंधित थानाध्यक्ष (9) संबंधित खण्ड विकास अधिकारी (1x) शिविर आयोजन स्थल के संबंधित गांव के ग्राम प्रधान एवं प्रधानाचार्य - प्राथमिक / पूर्व मा० विद्यालय / अन्य शिविर स्थल के प्रभारी को प्रेषित करना अनिवार्य है|

7. भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी इकाईयों को गतिविधियों की मासिक रिपोर्टिंग ई-मेल के माध्यम से प्रत्येक माह के 25 तारीख तक शासन को प्रेषित किया जाना है |

8. इकाई कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम की रिपोर्ट में, कार्यक्रम में सम्मलित लोगो की उपस्थिति,फोटो , जिओटेग फोटोग्राफ, प्रेष विज्ञप्ति ,समाचार पत्रों में प्रकाशित पेपर कटिंग के साथ मासिक रिपोर्ट विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक (coordinator.nss@mgug.ac.in) को भेजनी होगी एवं एक प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखनी होगी |
9. विशेष शिविर के आयोजन के 15 दिन के भीतर शिविर की कम से कम इकाईवार 21-21 पेज की रिपोर्ट स्पाईरल वाईडिंग कराकर कार्यक्रम समन्वयक को प्रेषित करना अनिवार्य है।
10. प्रत्येक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी को अपने इकाई में कराये गये बर्ष भर के कार्यो की एक न्युनतम 10 पेज की वार्षिक रिपोर्ट कार्यक्रम समन्वयक कार्यालय को जमा करनी होगी |
11. वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत सरकार के निर्देशानुसार आवंटित छात्र संख्या के सापेक्ष धनराशि का भुगतान पब्लिक फाइनेन्शियल मैनेजमेंट सिस्टम (PFMS) के माध्यम से ही किये जाने का निर्णय लिया गया है।
12. समस्त प्रारूप एवं महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश तथा रा०सं०यो० गतिविधियों के आयोजन संबंधी विश्वविद्यालय वेबसाइट होम पेज पर बने पोर्टल पर उपलब्ध रहती है।

13. **राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सत्र 2024-25 में नियमित सामान्य कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रस्तावित तिथियाँ एवं पर्व निम्नवत है-**

| **क्रम सं** | **तिथि एवं माह** | **दिन** | **उत्सव विवरण** | **सम्भावित कार्यक्रम** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **01 जुलाई से 7 जुलाई 2024** | **सोमवार से रविवार** | **वन महोत्सव सप्ताह** | **पौधारोपण, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम** |
| 2. | 11 जुलाई 2024 | वृहस्पतिवार | विश्व जनसंन्ख्या दिवस | भाषण, संगोष्ठी |
| 3. | 12 अगस्त 2024 | सोमवार | अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस | संगोष्ठी, नाटक, निबंध, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता |
| 4. | 15 अगस्त 2024 | वृहस्पतिवार | स्वतंत्रता दिवस | संगोष्ठी, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम |
| 5. | 20 अगस्त 2024 | मंगलवार | सदभावना दिवस | पौधारोपण, संगोष्ठी |
| 6. | 29 अगस्त 2024 | वृहस्पतिवार | फिट दिवस, राष्ट्रीय खेल दिवस(मेजर ध्यानचंद सिंह जयंती ) | पौधरोपण, संगोष्ठी फिट इण्डिया प्लाग रम |
| 7. | 05 सितम्बर 2024 | वृहस्पतिवार | शिक्षक दिवस(डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस ) | संगोष्ठी, भाषण पौधरोपण |
| 8. | 08 सितम्बर 2024 | रविवार | विश्व साक्षरता दिवस | साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम संगोष्ठी, रैली |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 24 सितम्बर 2024 | मंगलवार | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | संगोष्ठी, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम |
| 10. | 01 अक्टूबर 2024 | मंगलवार | राष्ट्रीय स्वेच्छिक रक्तदान दिवस | रक्त परीक्षण / रक्तदान जागरूकता कार्यक्रमः |
| 11. | 02 अक्टूबर 2024 | बुधवार | गाधी जयन्ती व लालबहादुर शास्त्रीय जयंती एवं स्वच्छता दिवस | कैम्पस स्वच्छता, संगोष्ठी, रैली संगोष्ठी, जागरूकता रैली |
| 12. | 16 अक्टूबर 2024 | बुधवार | विश्व खाद्य दिवस | जागरूकता कार्यक्रम संगोष्ठी |
| 13. | 24 अक्टूबर 2024 | वृहस्पतिवार | यातायात निन्त्रण दिवस | जागरूकता कार्यक्रम संगोष्ठी |
| 14. | 31 अक्टूबर 2024 | वृहस्पतिवार | राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती) | एकता की दौंड, जागरूकता रेली |
| 15. | 14 नवम्बर 2024 | वृहस्पतिवार | बाल दिवस (पंडित जवाहर लाल नेहरू जन्मदिवस ) | स्वास्थ्य मेला एवं विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताएँ |
| 16. | 19 नवम्बर 2024 | मंगलवार | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस | विचारगोष्ठी श्रमदान |
| 17. | **19 नवम्बर से 25 नवम्बर** 2024 | मंगलवार से सोमवार | **सामाजिक समरसता सप्ताह** | **निवन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर नाटक सामुदायिक कार्यक्रम** |
| 18. | 01 दिसम्बर 2024 | रविवार | विश्व एड्स दिवस | रक्तदान, रेली, संगोष्ठी जागरुकता कार्यक्रम |
| 19. | 02 दिसम्बर 2024 | सोमवार | राष्ट्रीय प्रदुषण दिवस | रली. संगोष्ठी, जागरुकता कार्यक्रम |
| 20. | 10 दिसम्बर 2024 | मंगलवार | विश्व मानवाधिकार दिवस | रिली, संगोष्ठी मानव श्रंखला |
| 21. | 12 जनवरी 2025 | रविवार | राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती ) | निबंध, भाषण,पोस्टर प्रतियोगिता |
| 22. | **12 जनवरी से 19 जनवरी** 2025 | रविवार से रविवार | **राष्ट्रीय युवा सप्ताह** | **संगोष्ठी, नाटक, निबंध, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता** |
| 23. | 25 जनवरी 2025 | शनिवार | मतदाता दिवस | जागरूकता कार्यक्रम |
| 24. | 26 जनवरी 2025 | रविवार | गणतंत्र दिवस | परेड, झांकी, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम |
| 25. | 8 मार्च 2025 | शनिवार | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस | संगोष्ठी, |
| 26. | 21 मार्च 2025 | शुक्रवार | वानिकी दिवस | संगोष्ठी, भाषण, जागरूकता कार्यक्रम |
| 27. | 22 मार्च 2025 | शनिवार | विश्व जल दिवस | संगोष्ठी, भाषण, जागरूकता कार्यक्रम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | 23 मार्च 2025 | रविवार | शहीदी दिवस (भगत सिंह शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को फांसी डी गयी थी ) | संगोष्ठी, निबंध, भाषण |
| 29. | 7 अप्रैल 2025 | सोमवार | विश्व स्वास्थ्य दिवस | संगोष्ठी, निबंध, भाषण |
| 30. | 22 अप्रैल 2025 | मंगलवार | पृथ्वी दिवस | संगोष्ठी, निबंध, भाषण |
| 31. | 11 मई 2025 | रविवार | राष्ट्रीय तकनीकी दिवस | संगोष्ठी, भाषण, जागरूकता कार्यक्रम |
| 32. | 21 मई 2025 | बुधवार | आतंकवाद बिरोधी दिवस | संगोष्ठी, भाषण, |
| 33. | 31मई 2025 | शनिवार | विश्व तम्बाकू निषेध दिवस | संगोष्ठी, भाषण, जागरूकता कार्यक्रम |
| 34. | 5 जून 2025 | वृहस्पतिवार | विश्व पर्यावरण दिवस | भाषण, संगोष्ठी, पौधरोपण |
| 35. | 14 जून 2025 | शुक्रवार | विश्व रक्तदान दिवस | रक्तदान, संगोष्ठी, जागरूकता कार्यक्रम |
| 36. | 21 जून 2025 | शुक्रवार | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस | योग कार्यक्रम |

उक्त प्रस्तावित तिथियों के अतिरिक्त अवकाश दिवस / रविवार को भी स्वयंसेवकों के पठन-पाठन को दृष्टिगत रखते हुए रेली, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम आदि का एक दिवसीय शिविर में आयोजन किया जा सकता है।

14. राष्ट्रीय सेवा योजना के **अन्तर्गत सप्तदिवसीय विशेष शिविर आयोजन** हेतु संकायवार विश्वविद्यालय की समस्त इकाईयों हेतु प्रस्तावित तिथियां निम्नवत है-

(1) कृषि एवं सम्बद्ध स्वस्थ्य विज्ञान संकाय **06 मार्च से 12 मार्च 2025**

(2) आयुर्वेद एवं फार्मेसी संकाय **01 मार्च से 07 मार्च 2025**

(3) नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय की दो इकाई **01 मार्च से 07 मार्च 2025**

(4) नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय की दो इकाई **16 मार्च से 22 मार्च 2025**

4. राष्ट्रीय सेवा योजना को वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर लाया जाए।
5. दिनांक 30 जून, 2024 तक वेबसाइट को पूर्णरुपेण ठीक कराया जाए।
6. इकाई के संचालन की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष की एवं उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कार्यक्रम अधिकारी की होगी।
7. सेवा पथ मासिक पत्रिका के प्रकाशन की जिम्मेदारी समवयक, रा.से.यो. की होगी।

8. कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया 25 मई, 2024 तक पूरी कर ली जाए। समस्त कार्यक्रम अधिकारियों के साथ एक बैठक माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में कुलसचिव महोदय की उपस्थिति में दिनांक 27 मई, 2024 को आयोजित की जाए।

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:—

| क0सं0 | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | पूर्व मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. डी.एस. अजीथा, प्राचार्य, गुरु श्री गोरक्षनाथ कालेज ऑफ नर्सिंग | सदस्य |
| 3. | डॉ. सुनील कुमार, आचार्य/अधिष्ठाता सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 4. | डॉ. मंजूनाथ एनएस प्रधानाचार्य, जीजीआईएमएस (आयुर्वेद कालेज) | सदस्य |
| 5.. | डॉ. विमल कमुमार दूबे, अधिष्ठाता, कृषि संकाय | सदस्य |
| 6. | श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कालेज | सदस्य |
| 7. | डॉ. शशिकान्त सिंह, प्रधानाचार्य, फैकल्टी ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस | सदस्य |
| 8. | डॉ. राजेश बहल, निदेशक, महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय | सदस्य |
| 9. | डॉ. प्रदीप कुमार राव, कुलसचिव | सदस्य |
| 10. | डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, समन्वयक, रा.से.यो. | सदस्य |
| 11. | डॉ. विकास कुमार यादव, कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. | सदस्य |
| 12. | सुश्री ऐमन, कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. | सदस्य |
| 13. | सुश्री प्रिया सिंह, कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. | सदस्य |
| 14. | श्री राहुल श्रीवास्तव, आई.टी. मैनेजर | सदस्य |
| 15 | श्री शारदानन्द पाण्डेय, डिजाइनर | सदस्य |

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

**कुलसचिव**